**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________

   (Name) ____________________

2. (Signature) ____________________

   (Name) ____________________

**OMR Sheet No. :** ....................................

(To be filled by the Candidate)

**Roll No.** | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

**Roll No.** ____________________

(In words)

**Test Booklet No.**

**D – 2008**

**PAPER – II**

# HINDI

**Time : 1¼ hours]** **[Maximum Marks : 100**

Number of Pages in this Booklet : **16** Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the question booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered in the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the oval as indicated below on the correct response against each item.

   **Example :** (A) (B) ⬤ (D)

   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the Answer Sheet given **inside the Paper I booklet only**. If you mark at any place other than in the ovals in the Answer Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your name or put any mark on any part of the test booklet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is NO negative marking.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी। पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें। खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं। दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे। उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका की क्रम संख्या OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं। आपको सही उत्तर के दीर्घवृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है।

   **उदाहरण :** (A) (B) ⬤ (D)

   जबकि (C) सही उत्तर है।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये** उत्तर-पत्रक पर ही अंकित करने हैं। यदि आप उत्तर पत्रक पर दिये गये दीर्घवृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिन्हांकित करते है, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें।
8. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान जिससे आपकी पहचान हो सके, किसी भी भाग पर दर्शाते या अंकित करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर उत्तर-पुस्तिका निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पैन का ही इस्तेमाल करें।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है।**
12. **गलत उत्तर के लिए अंक नहीं काटे जायेंगे।**

# HINDI

# हिन्दी

## PAPER – II

## प्रश्न-पत्र – II

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचास** (50) बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्नों के **दो** (2) अंक हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**1.** हिन्दी भाषा का सम्बन्ध किससे है?

(A) शौरसेनी अपभ्रंश (B) अपभ्रंश

(C) पश्चिमी प्राकृत (D) प्राकृत

**2.** इनमें से कौन-सी रचना अवधी में ***नहीं*** है?

(A) पद्मावत (B) मधुमालती

(C) कवितावली (D) नूर जवाहर

**3.** 'देसिल बयना सब जब मिट्ठा'-किसका कथन है?

(A) तुलसीदास (B) सूरदास

(C) कबीरदास (D) विद्यापति

**4.** 'हिन्दी नयी चाल में ढली, सन् 1873 ई.में' - यह किसका कथन है?

(A) रामविलास शर्मा (B) रामचन्द्र शुक्ल

(C) किशोरीदास वाजपेयी (D) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

**5.** 'आधुनिक काल में गद्य का आविर्भाव सबसे प्रधान घटना है।' - यह कथन किसका है?

(A) महावीर प्रसाद द्विवेदी (B) रामचन्द्र शुक्ल

(C) रामविलास शर्मा (D) नन्ददुलारे वाजपेयी

**6.** भरतमुनि ने अपभ्रंश को नाम दिया है?

(A) लोकभाषा (B) जनभाषा

(C) देशभाषा (D) अशुद्धभाषा

**7.** वल्लभाचार्य किस सम्प्रदाय के संस्थापक थे?

(A) अद्वैत (B) द्वैताद्वैत

(C) शुद्धाद्वैत (D) विशिष्टाद्वैत

**8.** निम्नलिखित में से कौन आचार्य कवि ***नहीं*** है?

(A) केशवदास (B) भिखारीदास

(C) चिन्तामणि (D) ब्रजवासीदास

**9.** 'कर्मवीर' के सम्पादक थे :

(A) शिवप्रसाद गुप्त (B) माखनलाल चतुर्वेदी

(C) पराडकर (D) गणेशशंकर विद्यार्थी

**10.** 'कुआनो नदी' के रचनाकार हैं :

(A) सर्वेश्वरदयाल सक्सेना (B) रघुवीर सहाय

(C) श्रीकान्त वर्मा (D) नरेश मेहता

**11.** इनमें कौन-सा महाकाव्य ***नहीं*** है?

(A) लोकायतन (B) रामदूत

(C) गंगावतरण (D) कुरूक्षेत्र

12. स्वदेश दीपक की रचना है –

(A) आधे अधूरे (B) कबिरा खड़ा बजार में

(C) बकरी (D) कोर्ट मार्शल

13. भुक्तिवाद की अवधारणा किसकी है?

(A) मम्मट (B) भट्टनायक

(C) भट्टलोल्लट (D) आनन्दवर्द्धन

14. 'उज्ज्वल नीलमणि' किस आचार्य की रचना है?

(A) मधुसूदन सरस्वती (B) रूपगोस्वामी

(C) रामानन्द (D) रामानुजा चार्य

15. सर्वव्यापी एक कुम्हारा, जाकी महिमा आर न पारा।
हिन्दू तुरुक का एकै कर्ता, एकै ब्रह्म सबन का भर्ता।
के रचनाकार हैं –

(A) कबीरदास (B) मलूकदास

(C) तुलसीदास (D) रहीमदास

16. 'भाषा प्रवीन सुछन्द सदा रहै, सो घन जी के कवित्त बखानै' पंक्ति है –

(A) घनानन्द की (B) बोधा की

(C) व्रजरत्नदास की (D) रत्नाकर की

17. 'अपने यहाँ संसद ऐसी घानी है जिसमें आधा तेल आधा पानी है' के कवि हैं –

(A) केदारनाथ सिंह (B) धूमिल

(C) लीलाधर जगूड़ी (D) राजेश जोशी

**18.** नागरी प्रचारिणी सभा, काशी के संस्थापकों में थे –

(A) शिवकुमार सिंह और बाबूश्यामसुन्दर दास

(B) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल और भारतेन्दु

(C) प्रताप नारायण मिश्र और बालकृष्ण भट्ट

(D) रत्नाकर और शिवप्रसाद गुप्त

**19.** निम्नलिखित में कौन–सी हिन्दी पत्रिका है?

(A) केरल ज्योति (B) केरल दर्शन

(C) दक्षिण निधि (D) देशपोषिणी

**20.** 'विपाशा' पत्रिका का प्रकाशन किस प्रदेश से होता है?

(A) उत्तर प्रदेश (B) दिल्ली

(C) हिमाचल प्रदेश (D) बिहार

**21.** निम्नलिखित रचनाओं का कालक्रमानुसार ***सही*** अनुक्रम लिखिए :

(A) कीर्त्तिलता, विनयपत्रिका, वीरसिंह देव चरित, ठाकुर ठसक

(B) ठाकुर ठसक, विनयपत्रिका, कीर्त्तिलता, वीरसिंह देव चरित

(C) वीरसिंह देव चरित, ठाकुर ठसक, कीर्त्तिलता, विनयपत्रिका

(D) विनयपत्रिका, कीर्त्तिलता, ठाकुर ठसक, वीरसिंह देव चरित

**22.** निम्नलिखित रचनाओं का कालक्रमनुसार ***सही*** अनुक्रम क्या है?

(A) उर्वशी, पद्मावत, पथिक, अनामिका

(B) पद्मावत, पथिक, अनामिका, उर्वशी

(C) पद्मावत, उर्वशी, अनामिका, पथिक

(D) पथिक, पद्मावत, उर्वशी, अनामिका

23. कौन-सा अनुक्रम ***सही*** है?

(A) प्रायश्चित, चन्द्रगुप्त, ध्रुवस्वामिनी, सज्जन

(B) चन्द्रगुप्त, ध्रुवस्वामिनी, सज्जन, प्रायश्चित

(C) सज्जन, प्रायश्चित, चन्द्रगुप्त, ध्रुवस्वामिनी

(D) ध्रुवस्वामिनी, चन्द्रगुप्त, सज्जन, प्रायश्चित

24. निम्नलिखित वर्गों में रचनाकारों का कालक्रमानुसार कौन-सा अनुक्रम ***सही*** है?

(A) दिनकर, बच्चन, अज्ञेय, मैथिलीशरण गुप्त

(B) मैथिलीशरण गुप्त, दिनकर, बच्चन, अज्ञेय

(C) अज्ञेय, बच्चन, दिनकर, मैथिलीशरण गुप्त

(D) बच्चन, अज्ञेय, मैथिलीशरण गुप्त, दिनकर

25. निम्नलिखित वर्गों में कालक्रमानुसार, आचार्यों का कौन-सा क्रम ***सही*** है?

(A) मम्मट, दंडी, भामह, आनन्दवर्द्धन

(B) दंडी, आनन्दवर्द्धन, मम्मट, भामह

(C) भामह, दंडी, आनन्दवर्द्धन, मम्मट

(D) आनन्दवर्द्धन, भामह, मम्मट, दंडी

26. रचनाकाल के अनुसार कौन-सा अनुक्रम ***सही*** है?

(A) शिवशंभु की चिट्ठी, काव्य और कला तथा अन्य निबन्ध, कुटज, कहाँ है द्वारका

(B) काव्य और कला तथा अन्य निबन्ध, कहाँ है द्वारका, कुटज, शिवशंभु की चिट्ठी

(C) कुटज, कहाँ है द्वारका, शिवशंभु की चिट्ठी, काव्य और कला तथा अन्य निबन्ध

(D) कहाँ है द्वारका, कुटज, शिवशंभु की चिट्ठी, काव्य और कला तथा अन्य निबन्ध

27. रचनाकाल के अनुसार कौन-सा अनुक्रम ***सही*** है?

(A) पीली छतरी वाली लड़की, यारों के यार, ग्यारह वर्ष का समय, ठाकुर का कुआँ

(B) ग्यारह वर्ष का समय, ठाकुर का कुआँ, यारों के यार, पीली छतरी वाली लड़की

(C) ठाकुर का कुआँ, यारों के यार, पीली छतरी वाली लड़की, ग्यारह वर्ष का समय

(D) यारों के यार, पीली छतरी वाली लड़की, ग्यारह वर्ष का समय, ठाकुर का कुआँ

28. रचनाकाल के अनुसार पत्रिकाओं का ***सही*** अनुक्रम रेखांकित कीजिए -

(A) नयी कविता, नागरी नीरद, दिनमान, चाँद

(B) चाँद, नागरी नीरद, दिनमान, नयी कविता

(C) नागरी नीरद, चाँद, नयी कविता, दिनमान,

(D) दिनमान, नागरी नीरद, चाँद, नयी कविता

29. उपन्यासकारों का कालक्रमानुसार ***सही*** अनुक्रम रेखांकित कीजिए -

(A) राधिकारमण प्रसाद सिंह, अमृतलाल नागर, मोहन राकेश, देवकीनंदन खत्री

(B) देवकीनंदन खत्री, राधिकारमण प्रसाद सिंह, अमृतलाल नागर, मोहन राकेश

(C) मोहन राकेश, देवकीनंदन खत्री, अमृतलाल नागर, राधिकारमण प्रसाद सिंह

(D) अमृतलाल नागर, मोहन राकेश, राधिकारमण प्रसाद सिंह, देवकीनंदन खत्री

30. काल के अनुसार कवियों के ***सही*** अनुक्रम को रेखांकित कीजिए -

(A) श्रीधर पाठक, महादेवी वर्मा, त्रिलोचन, श्रीकांत वर्मा

(B) श्रीकांत वर्मा, श्रीधर पाठक, महादेवी वर्मा, त्रिलोचन

(C) महादेवी वर्मा, त्रिलोचन, श्रीकांत वर्मा, श्रीधर पाठक

(D) त्रिलोचन, श्रीधर पाठक, महादेवी वर्मा, श्रीकांत वर्मा

**31.** निम्नलिखित उपन्यासकारों और उनकी रचनाओं को सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | देश द्रोही | (i) | वृन्दावन लाल वर्मा |
| (b) | भूले बिसरे चित्र | (ii) | यशपाल |
| (c) | अनाम दास का पोथा | (iii) | निराला |
| (d) | निरुपमा | (iv) | भगवती चरण वर्मा |
| | | (v) | हजारी प्रसाद द्विवेदी |

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (v) | (ii) | (iv) |
| (B) | (v) | (ii) | (iv) | (i) |
| (C) | (ii) | (iv) | (v) | (iii) |
| (D) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**32.** निम्नलिखित पंक्तियों के साथ उनके कवियों के नाम सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | जात पांत पूछै नहिं कोई | (i) | तुलसीदास |
| (b) | गिरा अनयन नयन बिनु बानी | (ii) | परमानन्ददास |
| (c) | प्रेम प्रेम ते होय प्रेम ते पारहिं पइए | (iii) | जायसी |
| (d) | मानुष प्रेम भयो बैकुंठी | (iv) | रामानन्द |
| | | (v) | सूरदास |

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (v) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (iv) | (i) | (v) |
| (C) | (iv) | (i) | (v) | (iii) |
| (D) | (i) | (iii) | (ii) | (v) |

**33.** निम्नलिखित कहानियों को उनके कहानीकारों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | कृष्ण चन्दर | (i) | जहाँ लक्ष्मी कैद है |
| (b) | हरिशंकर परसाई | (ii) | राजा निरबंसिया |
| (c) | राजेन्द्र यादव | (iii) | महुए का पेड़ |
| (d) | कमलेश्वर | (iv) | पाँच रूपए की आजादी |
| | | (v) | वापसी |

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (B) | (ii) | (v) | (iv) | (iii) |
| (C) | (i) | (ii) | (v) | (iv) |
| (D) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |

**34.** निम्नलिखित ग्रन्थ और ग्रन्थकारों को सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | प्रैक्टिकल क्रिटिसिज़्म | (i) | लॉन जाइनस |
| (b) | सैक्रेड वुड | (ii) | रिचर्ड्स |
| (c) | लिरिकल बैलेड्स | (iii) | अरस्तू |
| (d) | पोयटिक्स | (iv) | वर्ड्स वर्थ |
| | | (v) | टी.एस. इलिएट |

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (v) | (iv) | (iii) |
| (B) | (v) | (iii) | (ii) | (i) |
| (C) | (i) | (ii) | (v) | (iv) |
| (D) | (iv) | (i) | (ii) | (i) |

35. निम्नलिखित पंक्तियों को उनके लेखकों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | अरूण यह मधुमय देश हमारा | (i) | अज्ञेय |
| (b) | हम नदी के द्वीप हैं | (ii) | धूमिल |
| (c) | दुखों के दागों को तमगों सा पहना | (iii) | जयशंकर प्रसाद |
| (d) | मेरे लिए हर आदमी एक जोड़ी जूता है | (iv) | मुक्तिबोध |
| | | (v) | निराला |

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (i) | (v) |
| (B) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (C) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (D) | (v) | (ii) | (iii) | (iv) |

36. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | नयाज्ञानोदय | (i) | रवीन्द्र कालिया |
| (b) | साहित्य अमृत | (ii) | विश्वनाथ प्रसाद तिवारी |
| (c) | वाक् | (iii) | आलोक मेहता |
| (d) | दस्तावेज | (iv) | सुधीश पचौरी |
| | | (v) | भिलोकी नारायण चतुर्वेदी |

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (B) | (ii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (C) | (i) | (v) | (iv) | (ii) |
| (D) | (i) | (v) | (iii) | (iv) |

37. निम्नलिखित नाटककार और उनकी रचनाओं को सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | धर्मवीर भारती | (i) | दशरथ नन्दन |
| (b) | जगदीश चन्द्र माथुर | (ii) | जनकवि जगनिक |
| (c) | मणि मधुकर | (iii) | रस गन्धर्व |
| (d) | कुंवर चन्द्र प्रकाश सिंह | (iv) | अन्धा युग |
| | | (v) | अन्धेर नगरी |

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iii) | (iv) | (v) |
| (B) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (C) | (iv) | (i) | (iii) | (iv) |
| (D) | (v) | (iii) | (i) | (ii) |

38. निबन्ध और निबन्ध कार को सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | नया साहित्य नये प्रश्न | (i) | महादेवी वर्मा |
| (b) | विचार और वितर्क | (ii) | अज्ञेय |
| (c) | हिन्दी साहित्य: आधुनिक परिदृश्य | (iii) | नन्द दुलारे वाजपेई |
| (d) | मेरा परिवार | (iv) | हजारी प्रसाद द्विवेदी |
| | | (v) | विवेकी राय |

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (B) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (C) | (v) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (D) | (ii) | (v) | (iii) | (iv) |

**39.** निम्नलिखित उपन्यासों को उनके पुरूष पात्रों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | देवीदीन | (i) | नीला चाँद |
| (b) | कीर्तिवर्मा | (ii) | किस्सा गुलाम |
| (c) | ओंकारनाथ | (iii) | जूठन |
| (d) | कुन्दन | (iv) | गबन |
| | | (v) | गोदान |

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (i) | (v) | (ii) |
| (B) | (i) | (iii) | (iv) | (v) |
| (C) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (D) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |

**40.** निम्नलिखित काव्य लक्षणों का उनके प्रतिस्थापकों के साथ सुमेलन कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | शब्दार्थौ सहितौ काव्यम् | (i) | दण्डी |
| (b) | ननु शब्दार्थौ काव्यम् | (ii) | कुन्तक |
| (c) | शब्दार्थौ सहितौ वक्रकवि व्यापार शालिनी | (iii) | भामह |
| (d) | वाक्यं रसात्मकं काव्यम् | (iv) | भरतमुनि |
| | | (v) | विश्वनाथ |

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (B) | (iv) | (v) | (ii) | (iii) |
| (C) | (i) | (iv) | (iii) | (v) |
| (D) | (iii) | (i) | (ii) | (v) |

41. **स्थापना ( Assertion ) A :** मनोविज्ञान के आधार पर व्यक्ति के भाषागत ग्रहण और सम्प्रेषण सामर्थ्य में अन्तर स्वाभाविक है।

**तर्क ( Reason ) R :** क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति की मनोवैज्ञानिक क्षमता में अन्तर नहीं है।

(A) **(A)** सही **(R)** गलत

(B) **(A)** सही **(R)** सही

(C) **(A)** गलत **(R)** सही

(D) **(A)** गलत **(R)** गलत

42. **स्थापना ( Assertion ) A :** नये काव्य में नये जीवन मूल्यों की प्रतिष्ठा और स्वतंत्र प्रयोग की प्रवृत्ति मिलती है ।

**तर्क ( Reason ) R :** क्योंकि इसमें जीवन मूल्यों का बिखराव मिलता है ।

(A) **(A)** और **(R)** दोनों सही

(B) **(A)** गलत **(R)** सही

(C) **(A)** सही **(R)** गलत

(D) **(A)** और **(R)** दोनों गलत

43. **स्थापना ( Assertion ) A :** कामायनी का नायक शास्त्रीय महाकाव्यों के नायकों से भिन्न है ।

**तर्क ( Reason ) R :** क्योंकि उसका अजनबीपन जीवन के प्रति तुच्छता बरतता है ।

(A) **(A)** गलत **(R)** सही

(B) **(A)** सही **(R)** गलत

(C) **(A)** और **(R)** दोनों सही

(D) **(A)** और **(R)** दोनों गलत

44. **स्थापना ( Assertion ) A :** बैर क्रोध का अचार या मुरब्बा है ।

**तर्क ( Reason ) R :** क्योंकि बैर से दोस्ती बढ़ती है ।

(A) **(A)** सही **(R)** गलत

(B) **(A)** गलत **(R)** सही

(C) **(A)** और **(R)** दोनों गलत

(D) **(A)** और **(R)** दोनों सही

45. **स्थापना ( Assertion ) A :** काव्य की पूर्ण अनुभूति के लिए कल्पना का व्यापार कवि और श्रोता दोनों के लिए अनिवार्य है ।

**तर्क ( Reason ) R :** क्योंकि काव्यानुभूति में वस्तु के साथ वक्ता की मूर्त्त भावना होती है ।

(A) **(A)** सही **(R)** गलत

(B) **(A)** गलत **(R)** सही

(C) **(A)** और **(R)** दोनों गलत

(D) **(A)** और **(R)** दोनों सही

**निर्देश :** निम्नलिखित अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़े और उससे सम्बन्धित प्रश्नों ( प्रश्न संख्या 46 से 50 तक) के उत्तरों के दिये गये बहुविकल्पों में से सही विकल्प का चयन करें ।

साहित्य तो एक सात्विक जीवन है। उसे कठिन तपस्या और महान यज्ञ समझना चाहिए। जहाँ व्यक्ति के व्यक्तित्व के कोइ स्वतंत्र विषय नहीं रह जाते, उच्च साहित्य की वह भाव-भूमि है। वहाँ अपरिग्रह का साम्राज्य है, फोटो नहीं छापे जाते। वहाँ वाणी मौन रहती है 'गाथा' गाने में सुख नहीं मानती। उस उच्च स्तर से जितने क्रिया कलाप होते हैं, आत्म प्रेरणा से होते हैं, पर आज दिन हिन्दी में आत्म-प्रेरणा और 'आत्मकथा' का नाम लेना पाखण्ड बढ़ाना है। हमारे देश में आत्मकथा लिखने की परिपाटी नहीं रही।

46. साहित्य को क्या माना गया है ?

(A) कठिन साधना और तपस्या

(B) लेखन का महान यज्ञ

(C) कठिन तपस्या और महान यज्ञ

(D) लेखन तपस्या और कठिन साधना

47. उच्च साहित्य की भावभूमि क्या है ?

(A) जहाँ व्यक्ति स्वतंत्र विषय नहीं चुन सकता

(B) जहाँ लेखक के व्यक्तित्व की स्वतंत्रता नहीं रहती

(C) जहाँ व्यक्ति को लिखने की स्वतंत्रता नहीं रहती

(D) जहाँ व्यक्तित्व के कोई स्वतंत्र विषय नहीं रह जाते

48. उच्च स्तर के क्रियाकलाप किससे होतें है ?

(A) आत्मानुभव से
(B) आत्म प्रेरणा से
(C) आत्म कथन से
(D) आत्मावलोकन से

49. किस देश में आत्मकथा लिखने की परिपाटी ***नहीं*** रही ?

(A) भारतवर्ष में
(B) उत्तर प्रदेश में
(C) रूस में
(D) अमेरिका में

50. हिन्दी में किस विधा को पाखण्ड कहा गया है ?

(A) गाथा को
(B) आत्मप्रेरित संस्मरण को
(C) आत्मकथा को
(D) गाथा को

- o O o -

**Space For Rough Work**